Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 27-11-2006

Participants : Patil Adv. Tukaram Ganpatrao Renge

>

Title : Need to run daily train service between Nanded and Pune.

श्री तुकाराम गणपतराव रेंगे पाटील (परभनी) : महोदय, नादेड से पुणे के बीच सप्ताह में दो बार रेल नादेड पुणे रेल सेवा चल रही थी जिसे सप्ताह में अब एक बार कर दिया है, मराठावाड से पूणे जाने वाली यह एक ही गाउ है रेल सेवा के न होने से लोगों को बसों में ही जाना पड़ता है, परबनी एवं नादेड से औरंगाबाद, जालना एवं पूणे के बीच दो सौ बसें चल रही हैं। जानकारी में आया है कि बस ऑपरेटरों एवं डी आर एम नादेड के बीच गुप्त समझौता हुआ है जिससे नादेड एवं पुणे के बीच रेल सेवा को सप्ताह में एक बार चलाने का प्रस्ताव डी आर एम के यहां से भेजा गया था। नादेड एवं पुणे के बीच रेल सेवा के पर्याप्त न होने पर लोगों को बस से यात्रा करना पडेगी। अगर यह सेवा रोजाना चले भी तो लाभदायक रहेगी। क्योंकि इन मार्गो पर यात्रियों की संख्या ज्यादा है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि नादेड एवं पुणे के बीच सप्ताह में एक दिन चलने वाली रेल सेवा को रोजाना चलाया जाये।